

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

'मेरा चरित्र हनन किया जा रहा'

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
वर्ष : 42 | अंक : 246 | सोमवार, 23 दिसंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, LL.B.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# उल्हासनगर में नशेड़ियों का आतंक, व्यापारी पर हमला





- दुकानदारों पर चाकू से जानलेवा हमला
- व्यापारी ने इंसाफ मांगा

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में शराब व चरस गांजे का नशा करने वालों का आतंक मचा हुआ है। आए दिन व्यापारियों पर हो रहे बेवजह हमले चिंता का विषय बना हुआ है। उल्हासनगर 2 स्थित साड़ी मार्केट में नशे में धुत दो युवकों द्वारा साड़ी बेचने वाले दुकानदारों पर चाकू से जानलेवा हमला करने की घटना सामने आई है, जिसमें कारोबारी दीपक बहरानी और गोविंद बेहरानी गंभीर रूप से घायल हो गए, बेहरानी का हीरा मैरिज हॉल के पास दीपक साड़ी की दुकान है, कल नशे में धुत दो युवक रात करीब 9:30 बजे वे साड़ी खरीदने के लिए दुकान पर आए, उन्हें काली साड़ी चाहिए थी, लेकिन दुकानदार ने साड़ी उपलब्ध नहीं होने के कारण मना कर दिया नशे में धुत युवक ने गुस्से में आकर दीपक बेहरानी और गोविंद बेहरानी पर चाकू से हमला कर दिया। इस गुंडागर्दी से व्यापारियों में रोष है और घायल व्यापारी को इंसाफ दिलाने की मांग की गई है।

# रेव पार्टियों पर पुलिस की पैनी नजर

- पुलिस अधिकारी कानून-व्यवस्था बनाने में जुटे
- खबरियों का नेटवर्क तैयार

**उल्हासनगर.** दिसंबर का महीना जश्न मनाने और साल को अलविदा कहने और नए साल के स्वागत का समय होता है। इस वजह से क्रिसमस और नए साल के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में पार्टियां आयोजित की जाती हैं। रेव पार्टियों में नशीली दवाओं का प्रयोग बड़े पैमाने पर होता है, हालांकि शराब तो पी जाती है. किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठाणे पुलिस व्यवस्था और योजना बनाने में जुटी हुई है.



क्रिसमस और नए साल के जश्न के साथ-साथ शराब और नशीली दवाओं की बाढ़ भी आती है। इस जश्न के लिए शराब की तस्करी कर पैसा कमाने वाले लोगों को नकली शराब उपलब्ध कराने का गोरखधंधा चल रहा है।

### ड्रग तस्करों पर नकेल कसने पुलिस तैयार

**क्रिसमस और नए साल का स्वागत करने के लिए मुंबई, ठाणे में कई जगहों पर रेव पार्टियों का आयोजन किया जाता है। ऐसी जगहों पर सबसे ज्यादा ड्रग्स का इस्तेमाल किया जाता है. इसके चलते क्रिसमस और नए साल के मौके पर नशीले पदार्थों की तस्करी भी काफी बढ़ जाती है. पिछले कुछ सालों में त्योहार के दौरान ठाणे पुलिस ने कोकीन, एमडी, एलएसडी जैसे खतरनाक ड्रग्स जब्त किए हैं. और इस साल भी ठाणे पुलिस ड्रग तस्करों पर नकेल कसने के लिए तैयार है.**



हालाँकि, राज्य के आबकारी अधिकारियों ने दूसरे राज्यों से कर चोरी करने वाले या ऐसी शराब की तस्करी करने वाले लोगों पर कार्रवाई की है, जिनकी बिक्री महाराष्ट्र में प्रतिबंधित है और नकली शराब के तस्करों को गिरफ्तार किया है और करोड़ों रुपये की शराब जब्त की है।

ठाणे पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में होने वाली रेव पार्टी के लिए कई तरह की ड्रग्स आएंगी. इस मामले को गंभीरता से लेते हुए, ठाणे पुलिस ने तस्करों पर कड़ी नजर रखने के लिए खबरियों का एक नेटवर्क भी तैयार किया है। आने वाले पखवाड़े में, ठाणे पुलिस को उन तस्करों की एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जो रेव पार्टी आयोजकों को नशीले पदार्थ, गांजा, चरस, एमडी, एलएसडी, ब्राउन शुगर, कोकीन आदि उपलब्ध कराते हैं। ठाणे पुलिस ने पूरे साल नशीली दवाओं का सेवन करने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी थी। कई पर मामला दर्ज कर जेल भेजा गया है. अब तस्करों और रेव पार्टी आयोजकों तथा पार्टी में शराब पीने वालों पर ठाणे पुलिस का निशाना है।

# अंबरनाथ न्यायालय नए वर्ष से शुरू होगा

- काम पूरा, इमारत तैयार
- विधायक किणीकर ने वादा किया पूरा



उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के चिखलोली में निर्माण किए गए तीन मंजिला इमारत के न्यायालय का कामकाज सन 2025 में शुरू होने के आसार हैं. इमारत के निर्माण के बाद इसमें जाने के लिए रास्ता ही नहीं था. आखिर न्यायालय में जाने के लिआ पानी की पाइपलाइन को भूमिगत करके रास्ता बना दिया गया है. अब इमारत रंगरोगन का कार्य शुरू है. नए वर्ष के पहले महिने में इमारत को सत्र न्यायालय के पास हस्तांतरण किया जाएगा. शहर पूर्व में फॉरेस्ट नाका से टी सर्कल को जाने वाले रास्ते पर चिखलोली में 2019 में सा. बा. विभाग द्वारा न्यायालय इमारत का काम शुरू हुआ और आज यहां एक शानदार तीन मंजिला इमारत खड़ी है. इन न्यायालय के शुरू हो जाने से अंबरनाथ तालुका का कामकाज यहां शुरू हो जाएगा. अब उल्हासनगर न्यायालय में तालुका के लोगों को जाने की जरूरत नहीं है, लोगों का समय और पैसे भी बचेगा. अंबरनाथ, बदलापुर और ग्रामीण विभाग के लोगों को इसका लाभ मिलेगा. इस न्यायालय के तीन मंजिला बांधकाम और फर्नीचर आदि के लिए 19 करोड़ रुपयों की निधि खर्च की गई है. विकास हक्क हस्तांतरण के लिए साढ़े तीन करोड़ और न्यायिक विभाग एवं एमआईडीसी ने जलवाहिनी भूमिगत करके रास्ता बनाने के लिए ढाई करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं. विधायक डॉ. बालाजी किणीकर के प्रयास से अंबरनाथ में एक न्यायालय का निर्माण हुआ है, जिसके लिए सांसद श्रीकांत शिंदे एवं मंत्री एकनाथ शिंदे की सहायता से ये कार्य अब पूरा हो गया है. अब इस न्यायालय के शुरू होने की प्रतीक्षा अंबरनाथ तालुका के निवासी कर रहे हैं.

# उल्हासनगर विकास के लिए आयलानी की पहल

- CM से लंबित विकास परियोजनाओं में तेजी लाने की मांग

**उल्हासनगर:** उल्हासनगर शहर के विकास का संकल्प लेते हुए विधायक कुमार आयलानी ने एक बार फिर महत्वपूर्ण मांगों को लेकर पहल की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भेजे पत्र में उन्होंने उल्हासनगर की लंबे समय से लंबित विकास परियोजनाओं में तेजी लाने की मांग की है। उन्होंने सरकार का ध्यान तीन महत्वपूर्ण मुद्दों की ओर आकर्षित किया है, अर्थात शहर की मेट्रो का विस्तार, सेंट्रल अस्पताल का उन्नयन तथा अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई।

महाराष्ट्र प्राधिकरण की 154वीं बैठक में उल्हासनगर तक मेट्रो परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दी गई। पहले चरण में खड़कपाड़ा तक मेट्रो लाइन की विस्तृत योजना रिपोर्ट को मंजूरी दे दी गई है। हालाँकि, इस परियोजना के लिए अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। विधायक कुमार आयलानी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में इस पर चिंता व्यक्त की है और अधिकारियों को तत्काल निर्देश देने की मांग की है ताकि उल्हासनगर के नागरिकों को जल्द से जल्द मेट्रो की सुविधा मिल सके।



आयलानी ने कहा कि मेट्रो परियोजना से शहर में यातायात कम होगा और संचार आसान होगा। इसलिए यह जरूरी है कि यह परियोजना समय पर पूरी हो, शहर में बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार चल रहा है। ऑनलाइन लॉटरी, एमडी ड्रग्स, क्रिकेट सट्टा, हुक्का पार्लर और पान की दुकानों पर गुटखा की बिक्री युवा पीढ़ी के पतन का कारण बन रही है। आयलानी ने चिंता व्यक्त की कि इस प्रकार की स्थिति से शहर में अपराध में भी वृद्धि हो रही है। फरवरी से अब तक उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान इस मुद्दे की ओर आकर्षित किया है और इस संबंध में तीन बार पत्राचार भी किया है। हालाँकि, अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शहर में सभी अवैध कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

## टेंपो की भिड़ंत से बाइक सवार दंपति घायल

**भिवंडी.अंजुर** गांव दिवा पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार टेंपो ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दत्तराज इरावती और उनकी पत्नी पुष्पा गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा उस समय हुआ जब दत्तराज इरावती अपनी पत्नी को मोटरसाइकिल पर बैठाकर ठाणे की ओर लेकर जा रहे थे.कसबा ढाबा के पास अचानक टेंपो ने उनकी बाइक को टक्कर मारी जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए.

# उल्हासनगर में संविधान रैली



- कांग्रेस का समर्थन
- प्रांतीय कार्यालय पर धरना

**उल्हासनगर.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने संविधान रैली निकाली। कांग्रेस पार्टी ने रैली का समर्थन किया, रैली में भाग लिया. प्रांतीय कार्यालय के सामने धरना दिया और प्रांतीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा, ठाकरे समूह और आर.पी. अंबेडकर समूह के कार्यकर्ता भी शाह के बयान का विरोध करने के लिए सड़कों पर उतर आए। उल्हासनगर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शहर जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे के नेतृत्व में संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अंबेडकर और भारतीय संविधान का अपमान करने की निंदा की गई। इसके अलावा, कांग्रेस ने विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित संविधान रैली का समर्थन किया तथा इसके कार्यकर्ताओं ने प्रांतीय कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया तथा प्रांतीय अधिकारी विजयानंद शर्मा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने परभणी में संविधान की प्रति के अपमान के मामले में पुलिस कार्रवाई में सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की। शहर में सभी दलों और विभिन्न संगठनों द्वारा संविधान के सम्मान में रैली भी निकाली गई। उन्होंने कांग्रेस के समर्थन से रैली में भाग लिया।

विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे सहित कांग्रेस समूह नेता और पूर्व नगरसेवक अंजलि साल्वे, किशोर धड़के, मनीषा महाकाले, आशाराम टाक, प्रो. सिंधुताई रामटेके, विशाल सोनवणे, मालती गवई, विजय मोरे, अमोल राऊत और अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 8-10 लोगों के गिरोह ने लोहे की रॉड से किया हमला

- उत्तर प्रदेश का जमीन विवाद कल्याण तक आया

**कल्याण.** कल्याण पश्चिम क्षेत्र में एक मराठी व्यक्ति अभिजीत देशमुख की पिटाई की घटना अभी ताजा ही है कि एक नई घटना सामने आई है। कल्याण पूर्व के काटेमानिवली में आठ से दस लोगों के एक गिरोह ने एक घर में घुसकर मारपीट की। जिस व्यक्ति की पिटाई की गई उसका नाम रमाशंकर दुबे है। रमाशंकर दुबे को उनके घर में घुसकर दरांती, लोहे की रॉड और लकड़ी के डंडे से पीटा गया। इस मामले में कोलसेवाडी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रमाशंकर दुबे (60) काटेमानिवली में दुबे चॉल नामक इलाके में रहते हैं। गांव में जमीन को लेकर उसका और उसके चचेरे भाई का विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते 21 दिसंबर की रात लोहे की रॉड, लाठी और हंसिया लेकर आए एक गिरोह ने रमाशंकर दुबे की पिटाई कर दी। उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया गया। जिसके बाद कोलशेवडी पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 118, 193, 190, 189, 393 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसमें मुख्य आरोपी का नाम रंजीत दुबे है। वह भी घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने यह भी कहा कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अंबरनाथ नपा इमारत पर 2 मंजिला निर्माण कार्य शुरू

**18 करोड़ रुपयों में 18 महिने में कार्य पूरा करने का लक्ष**

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगरपरिषद की दो मंजिला इमारत कामकाज के लिए कम पड़ रही है. इसलिए इमारत पर और दो मंजिला बनाने का निर्णय लिया गया है और इस काम की शुरूआत भी हो गई है. 18 महिने के भीतर इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा. इस पर 18 करोड़ रुपए खर्च होंगे. अंबरनाथ नपा कार्यालय की पुरानी इमारत खस्ता होने के कारण नपा के मैदान में दो मंजिला इमारत का निर्माण किया गया है. इस इमारत में सभी विभाग के कामकाज नहीं हो पा रहे हैं. कमरे कम पड़ने के कारण कुछ कार्यालय अलग स्थान पर स्थलांतरित किए गए हैं. सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने इस बात को संज्ञान में लेते हुए नपा अधिकारियों को इसी नई इमारत पर और दो मंजिला इमारत बनाने के आदेश दिया. महाराष्ट्र शासन ने 18 करोड़ रुपयों की निधि को मंजूर किया है. इस कार्य की निविदा निकालकर फिलहाल दो मंजिला इमारत निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है. भविष्य में अंबरनाथ महापालिका हो सकती है. इसी बात को मद्देनजर रखते हुए इमारत बनाई जा रही है. अंबरनाथ नगर परिषद के प्रशासक डॉ. प्रशांत रसाल ने इमारत के चल रहे काम का जायजा लिया है. नीचे की दो मंजिला इमारत में नपा के रोजाना का कामकाज शुरू रखते हुए बिना किसी रुकावट के ऊपर दो मंजिला निर्माण का कार्य शुरू है. समजा जा रहा है के ये कार्य डेढ़ वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा.



## कल्याण आईमेथॉन का आयोजन, 7 हजार से ज्यादा धावकों ने लिया हिस्सा




**कल्याण.** आईएमए कल्याण, कल्याण रनर्स ग्रुप और केडीएमसी के सहयोग से आयोजित इस वर्ष के आईमेथॉन 5 में 7 हजार से अधिक धावकों ने हिस्सा लेकर कल्याण डोंबिवली में एक नया इतिहास रचा. केडीएमसी के आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़, डीसीपी अतुल ज़ेंडे, केडीएमसी के डिप्टी कमिश्नर संजय जाधव, महाराष्ट्र आईएमए के अध्यक्ष डॉ. संतोष कदम, कल्याण आईएमए अध्यक्ष डॉ. सुरेखा ईटकर, शिक्षाविद् बिपिन पोटे, डॉ. अश्विन कक्कड़, सुनील चव्हाण, अमित सोनावणे, विकास जैन, डीबी जाधव, आईएमए कल्याण के विकास सुरंजे और अन्य गणमान्य लोगों ने आईमेथॉन को हरी झंडी दिखाई. कल्याण पश्चिम के दुर्गाड़ी चौक से शुरू होकर, iMethon को 21 किमी, 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी के चार समूहों में आयोजित किया गया था, जिसमें कल्याण डोंबिवली के साथ-साथ केन्या, इथियोपिया, नाइजीरिया समेत ठाणे, मुंबई, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा आदि के साथ ही अफ्रीकी देशों के 12 धावकों ने हिस्सा लिया, केडीएमसी आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़, डीसीपी अतुल ज़ेंडे, उपायुक्त संजय जाधव, डॉ. प्रशांत पाटिल और अन्य लोगों ने इस IMethon में सहज भाग लिया.

# क्रिसमस के लिए सज गए बाजार

**बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के केक के साथ उपहार हैम्पर्स उपलब्ध**

**उल्हासनगर.** क्रिसमस बस कुछ ही दिन दूर है। इसलिए बाजार सजे हुए हैं। बाजार में सांता क्लॉज की पोशाकें और टोपियां बड़ी मात्रा में बिक रही हैं। इसके अलावा क्रिसमस ट्री, विभिन्न प्रकार के केक, रंग-बिरंगे गुब्बारे, रिबन और बिजली की लाइटों की मालाएं बच्चों के बीच खासा क्रेज हैं।

जिले में विभिन्न स्थानों पर चर्चों को सजाया गया है और आकर्षक विद्युत रोशनी की व्यवस्था की गई है। क्रिसमस ट्री को सजाया जा रहा है। इसके अलावा होटल, मॉल, इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर और केक की दुकानें भी क्रिसमस के लिए आकर्षक ढंग से सजी नजर आ रही हैं। कुछ दुकानदारों ने छूट की भी घोषणा की है। सांता क्लॉज़ का स्कूलों में स्वागत किया जा रहा है और बच्चे सीक्रेट सांता के उपहारों का आनंद ले रहे हैं।



ठाणे में बड़ी संख्या में ईसाई लोग हैं जो पारंपरिक पोशाक, भोजन और संस्कृति का पालन करते हैं। इसलिए, ठाणे में यीशु के जन्म को लेकर काफी उत्सुकता रहती है। क्रिसमस की खरीदारी के लिए बाजार में पूरी रौनक है। उपभोक्ता क्रिसमस के लिए घरों, चर्चों, कार्यालयों और घरेलू परिसरों को सजाने के लिए सामग्री खरीदने में व्यस्त हैं। दुकानों में पारंपरिक रूप से बने केक, विभिन्न खाद्य पदार्थ और मित्रों तथा रिश्तेदारों को देने के लिए उपहार उपलब्ध हैं।

सांता क्लॉज़ की प्रतिकृतियां, मोज़े, मुखौटे, टोपी, खिलौने, गुड़िया, क्रिसमस पेड़, मोमबत्ती स्टैंड, चॉकलेट हैम्पर बास्केट, आकर्षक रूप से डिज़ाइन किए गए उपहार कार्ड, लालटेन, चेरी, पुष्पमालाएं, चीनी निर्मित पत्ती और फूल बेलें, पेड़ और फल उपलब्ध हैं . ये सामान 150 रुपये से लेकर 400 रुपये तक की कीमत पर बेचे जा रहे हैं। मिठाई की दुकानें विभिन्न प्रकार की मिठाइयां उपलब्ध कराती हैं, विशेषकर क्रिसमस के लिए। इसके अलावा, विभिन्न प्रकार के बिस्कुट भी उपलब्ध हैं। इसके साथ ही, विभिन्न किस्मों में प्लम केक भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इसलिए, क्रिसमस ट्री के आकार वाले और केक पर क्रिसमस ट्री बने केक भी बाजार में देखे जा रहे हैं।

# ज्वेलर पर गोलीबारी में सेल्समैन की मौत

- सब्जी विक्रेता महिला ने अकेले ही चोरों से किया मुकाबला

**शहापुर.** जिले में अपराध दर दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सरेराह एक ज्वेलरी शॉप मालिक पर गोली चलाने की घटना हुई है। गोलीबारी में मालिक के साथ मौजूद सेल्समैन की मौत हो गई। यह घटना शाहपुर जिले के गोठेघर कस्बे के पास पंडित नाका स्थित महालक्ष्मी ज्वेलर्स दुकान के बाहर हुई। गोलीबारी में मारे गए सेल्समैन का नाम दिनेश कुमार मानाराम चौधरी (उम्र 25) है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार महालक्ष्मी ज्वेलर्स दुकान पर सेल्समैन के पद पर कार्यरत था। रोजाना की तरह वह और दुकान मालिक शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे दुकान बंद जा रहे थे। उनके साथ दुकान में दो कर्मचारी भी थे। सभी लोग दुकान बंद करके जाने की तैयारी कर रहे थे। उसी समय बाइक सवार दो लोगों ने चौधरी पर गोलियां चला दीं। इसी दौरान सब्जी बेचने वाली एक महिला मदद के लिए दौड़ी। इसके बाद दोनों हमलावरों ने उसे भी धमकाया। गोलीबारी में चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका प्राथमिक उपचार उप-जिला अस्पताल में किया गया और फिर आगे के इलाज के लिए उन्हें ठाणे स्थानांतरित कर दिया गया। हालाँकि, रविवार सुबह उनकी मृत्यु हो गई।





इस बीच, गोलीबारी करने वाले दोनों हमलावर भाग गए। इस घटना से शाहपुर में हड़कंप मच गया है। पुलिस उपाधीक्षक मिलिंद शिंदे और पुलिस निरीक्षक जितेंद्र ठाकुर सहित एक पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया। आगे की जांच जारी है।

संपर्क करने पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जितेंद्र ठाकुर ने कहा, दिनेश कुमार दुकान में सेल्समैन के रूप में काम करता था। शनिवार रात, हमेशा की तरह, मालिक और दिनेश दुकान बंद करने के बाद सड़क पर टहल रहे थे। तभी बाइक पर सवार दो हमलावरों ने गोली चलाई। वे सेल्समैन के पास पहुंचे और उसके पास से बैग छीन लिया. बताया गया कि इस बैग में कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज था। शहर के अन्य स्थानों और नासिक-मुंबई हाईवे पर लगे सीसीटीवी फुटेज मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया है कि आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी होने के बाद गोली मारने की वजह सामने आएगी। वहीं, गोली मारने की घटना से व्यापारी वर्ग में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। व्यापारी संगठन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## खबरें गांव की...

### शादी के 12 दिन बाद युवक की संदिग्ध हालात में मौत, हनीमून मनाकर लौटा था कपल

**कानपुर.** यूपी के कानपुर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां शादी के सिर्फ 12 दिन बाद ही एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। युवक का शव घर पर पड़ा मिला। एक दिन पहले ही पति-पत्नी गोवा से हनीमून मनाकर वापस लौटे थे। उधर, युवक की मौत की खबर सुनकर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। ये मामला चकेरी थाना क्षेक्ष के अहिरवां का है। सदानंद नगर के रहने वाले 32 साल के आकाश सिंह प्राइवेट कर्मी थे और घर पर अकेले रहते थे। परिवार में बड़ा भाई अतुल सिंह व चार बहने हैं। चारों बहनों की शादी हो चुकी है। बड़ा भाई भी ऑस्ट्रेलिया में रहकर प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। मां-बाप की मौत हो चुकी है। परिजनों के अनुसार आकाश की शादी इसी साल 9 दिसंबर को लखनऊ की रहने वाली सोनाली से हुई थी। शादी के बाद दोनों हनीमून के लिए ने गोवा गए हुए थे। जहां से शुक्रवार देर रात ही लौटे थे। परिजनों ने बताया कि सोनाली लखनऊ मायके में ही रुक गई थी। जबकि आकाश वापस घर आ गए था।

### गबन के आरोप में निलंबित उप डाकपाल ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट लिख ट्रेन के आगे लेटे

**बुलंदशहर.** गबन के आरोप में निलंबित बुलंदशहर के 34 वर्षीय उप डाकपाल राहुल कुमार पुत्र इंद्रजीत ने ट्रेन से कटकर रविवार सुबह आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही परिजन घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए मेरठ के लिए रेफ़र कर दिया। इस दौरान रास्ते में राहुल की मौत हो गई। राहुल ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। कहा जा रहा है कि राहुल रविवार सुबह ट्रेन के आगे कूद गए। राहुल कुमार लखावटी उप डाकघर में तैनात थे। जानकारी के अनुसार डाक अधीक्षक ने क़रीब ढाई करोड़ के गबन के मामले में उप डाकपाल राहुल कुमार समेत बाबू गोपाल और चपरासी जय प्रकाश को 26 नवंबर को निलंबित किया था। इसके साथ ही सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई थी। शुक्रवार को राहुल कुमार से क़रीब पांच घंटे घर पर सीबीआई टीम ने पूछताछ की थी। रविवार को आत्महत्या करने के बाद सुसाइड नोट में मंडलीय जांच टीम और एक ग्राहक पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। राहुल कुमार अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी के साथ परिवार को छोड़ कर गए हैं। परिजनों में कोहराम मच गया है।

### फल मंडी में आग की ऊंची लपटों से मचा हड़कंप

**बदायूं.** बदायूं में आधी रात के बाद अचानक लोग जाग गए। फल मंडी की दुकानों में धू-धू कर लगी आग और ऊंची लपटों से हड़कंप मच गया। लोग भाग कर आग बुझाने पहुंचे लेकिन आग इतनी भयानक थी कि कोई भी उपाय काम नहीं आ रहा था। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के लिए भी आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान मंडी की चार दुकानों में रखे फल और हजारों प्लास्टिक की क्रेटें आग में जलकर नष्ट हो गईं। मिली जानकारी के अनुसार आधी रात के बाद किसान मंडी स्थित फल मंडी की दुकानों में अचानक से आग लग गई। आग लगने की जानकारी चैक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों ने मंडी अधिकारियों को दी। मंडी अधिकारियों ने तत्काल फायर बिग्रेड को सूचित कर दिया।

# हमें किसी का डर नहीं

## 'वीटो' की बात कर जयशंकर ने दुनिया को दिया बड़ा संदेश

**नई दिल्ली.** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहाकि भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर 'वीटो' लगाने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने कहाकि भारत बिना किसी डर के वह सब-कुछ करेगा जो देश और दुनिया के लिए अच्छा होगा। जयशंकर मुंबई में एक कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। विदेश मंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता को कभी भी तटस्थता के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए।

जयशंकर ने कहा कि भारत आज एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। एक तरफ, पिछले दशक ने दिखाया है कि उसके पास क्षमताएं, आत्मविश्वास और सबसे महत्वपूर्ण बात, व्यापक मोर्चों पर विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता है। माना जा रहा है कि इस दौरान वीटो का जिक्र कर जयशंकर ने दुनिया को अपना संदेश दिया है।

एस जयशंकर ने कहाकि अस्वस्थ आदतों, तनावपूर्ण जीवनशैली या बार-बार होने वाली



जलवायु घटनाओं से जूझ रही दुनिया, भारत की विरासत से बहुत कुछ सीख सकती है। लेकिन दुनिया को इस बारे में तभी पता चलेगा, जब हमारे देश के लोग इस पर गर्व करेंगे। जयशंकर ने कहा कि वैश्वीकरण के युग में प्रौद्योगिकी और परंपरा को एक साथ चलना होगा। उन्होंने कहाकि भारत जरूर आगे बढ़ेग, लेकिन उसे अपनी भारतीयता खोए बिना ऐसा करना होगा। तभी हम बहुध्रुवीय विश्व में वास्तव में अग्रणी शक्ति के रूप में उभर पाएंगे।

जयशंकर ने कहाकि लोकतंत्र की गहराई से अब अधिक प्रामाणिक आवाजें उठी हैं। देश खुद को फिर से खोज रहा है और फिर से अपना व्यक्तित्व पा रहा है। जयशंकर को 27वें 'एसआईईएस श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती नेशनल एमिनेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है।

पुरस्कार का नाम कांची कामकोटि पीठम के 68वें द्रष्टा दिवंगत श्री चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती के नाम पर रखा गया है। विदेश मंत्री इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए लेकिन उन्होंने अपना वीडियो संदेश भेजा।

### ■ 'वीटो' के जिक्र से क्या संदेश

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के पांच स्थायी सदस्य - चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं। फिलहाल यह देश प्रक्रियात्मक फैसलों को छोड़कर, किसी भी फैसले पर अपना वीटो दे सकते हैं। यूएनसीसी की स्थापना 1945 में हुई थी। इसमें कुल 15 सदस्य हैं। पांच स्थायी सदस्यों को छोड़कर बाकी 10 अस्थायी सदस्य दो साल के लिए चुने जाते हैं। अस्थायी सदस्यों के पास वीटो पावर नहीं होता है। भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग लगातार उठा रहा है। उसका कहना है कि 21वीं सदी में 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद पर्याप्त नहीं है। इसके स्थायी और अस्थायी दोनों सदस्यों का विस्तार होना चाहिए। फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका भी सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सीट के लिए पुरजोर आवाज उठा चुके हैं।

# संभल में 150 साल पुरानी बावड़ी

- दूसरे दिन खुदाई
- DM बोले - अतिक्रमण हुआ

**संभल.** संभल के चंदौसी शहर के लक्ष्मणगंज में प्राचीन बावड़ी की सुबह फिर से खुदाई शुरू की गई। 2 JCB और 30 मजदूर बावड़ी की खुदाई जुटे हैं। 6-7 फिट गहरी और 8-10 मीटर लंबी खुदाई के बाद बावड़ी की पूरी तस्वीर सामने आई।

डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण विश्नोई भी मौके पर पहुंचे। डीएम ने बावड़ी का नक्शा देखा। कहा- वर्तमान में 210 वर्ग मीटर है, लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है, जिसे हटवाया जाएगा। यह लगभग 125 से 150 साल पुरानी होगी।

### पहले जानिए कैसे चर्चा में आई बावड़ी

लक्ष्मणगंज में 17 दिसंबर को बांके बिहारी का मंदिर खंडहर अवस्था में मिला था। 21 दिसंबर यानी शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में इसी मोहल्ले की बावड़ी पर अतिक्रमण की शिकायत की गई थी। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने नगर



पालिका परिषद चंदौसी को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए, जेसीबी से अतिक्रमण हटाते समय बावड़ी मिली, रात तक जेसीबी और मजदूर खुदाई करते रहे तो एक सुरंग भी मिली।

### राधा-कृष्ण मंदिर से 150 मीटर दूर है बावड़ी

दूसरे दिन सुबह फिर नगर पालिका की टीम लक्ष्मणगंज पहुंची। रविवार दोपहर 1:30 तक 8 से 10 मीटर तक सुरंग की खुदाई की जा चुकी है।

बांके बिहारी मंदिर से बावड़ी की दूरी 150 मीटर है। डीएम के अनुसार बावड़ी का एरिया 200 मीटर के करीब है। आस-पास कब्जा करके लोगों ने मकान बना लिए हैं। अभी तक नाप नहीं की गई है।

### झोपड़ी में आग, परिवार के 3 सदस्य जिंदा जले

**शिवपुरी.** शिवपुरी में झोपड़ी में आग लगने से तीन लोग जिंदा जल गए। जलता छप्पर दादा और दो पोतियों पर गिर गया। घटना लक्ष्मीपूरा गांव में शनिवार रात करीब 11 बजे की है।

पड़ोसियों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। बुजुर्ग और एक पोती की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि दूसरी पोती ने अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। बैराड़ थाना क्षेत्र के रसेरा पंचायत के लक्ष्मीपूरा गांव में रहने वाले वासुदेव और उसकी पत्नी रुकमणी रिश्तेदार की गमी में शामिल होने धौलपुर गए हुए थे।

# खड़गे बोले- चुनाव नियम बदलना सरकार की सोची-समझी साजिश

- यह EC की आजादी पर हमला
- केंद्र ने कहा था- पोलिंग बूथ के फुटेज सार्वजनिक नहीं होंगे

**नई दिल्ली.** वोटिंग नियमों में बदलाव को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार ने चुनाव आयोग (ECI) की स्वतंत्रता पर हमला किया है।

रविवार सुबह X पर पोस्ट में उन्होंने कहा- पहले मोदी सरकार ने CJI को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाले पैनल से हटा दिया था और अब वे चुनावी जानकारी को जनता से छिपाना चाह रहे हैं। यह सरकार की सोची-समझी साजिश है।

जब भी कांग्रेस ने इलेक्शन कमीशन को वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने और EVM में ट्रांसपेरेंसी के बारे में लिखा, तो ECI ने अपमानजनक लहजे में जवाब दिया और हमारी शिकायतों को भी स्वीकार नहीं किया।

दरअसल, केंद्र सरकार ने 20 दिसंबर को पोलिंग स्टेशन के



CCTV, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव नियमों में बदलाव किया था।

अधिकारियों ने बताया कि AI के इस्तेमाल से पोलिंग स्टेशन के CCTV फुटेज से छेड़छाड़ करके फेक नरेटिव फैलाया जा सकता है। बदलाव के बाद भी ये कैंडिडेट्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य लोग इसे लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं।

चुनाव आयोग (EC) की सिफारिश पर कानून मंत्रालय ने 20 दिसंबर को द कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल- 1961 के नियम 93(2)(A) में बदलाव किया है। नियम 93 कहता है- चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे। इसे बदलकर चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज 'नियमानुसार' पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे₹ कर दिया गया है।

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने एक केस में हरियाणा विधानसभा चुनाव से जुड़े दस्तावेज याचिकाकर्ता से साझा करने का निर्देश दिया था। इसमें CCTV फुटेज को भी नियम 93(2) के तहत माना गया था। हालांकि, चुनाव आयोग ने कहा था कि इस नियम में इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड शामिल नहीं है। इस अस्पष्टता को दूर करने के लिए नियम में बदलाव किया गया है।

# शाह के इस्तीफे के लिए कांग्रेस कैंपेन चलाएगी

- 26 जनवरी तक देशभर में प्रदर्शन होंगे
- संसद में अंबेडकर पर गृह मंत्री के बयान का मामला

**नई दिल्ली.** गृह मंत्री अमित शाह की इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी अगले साल 26 जनवरी तक देशभर में कैंपेन चलाएगी। 22 और 23 दिसंबर को कांग्रेस के नेता 150 से ज्यादा शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। 24 मार्च को कलेक्ट्रेट पर मार्च निकालेंगे। 27 दिसंबर को कर्नाटक के बेलगावी में पार्टी बड़ी रैली होगी।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को बताया कि संसद सत्र में संविधान पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने अपने भाषण में बाबा साहब का अपमान किया है। शाह के बयान से सभी आहत हैं। अब तक अमित शाह या प्रधानमंत्री ने इसके लिए माफी मांगने की कोशिश नहीं की। कांग्रेस गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी तक इस मुद्दे को देशभर में उठाएगी।'

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी जानकारी दी थी कि लोकसभा और राज्यसभा के कांग्रेस सांसद सीडब्ल्यूसी सदस्यों के साथ देश भर के 150 अलग-अलग शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करेंगे।



### भाजपा ने भी जवाबी तैयारी शुरू की

कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए भाजपा ने भी विपक्ष को जवाब देने की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ने अपने एससी/एसटी मोर्चा को सभी विधानसभा सीटों पर जवाबी अभियान की योजना बनाने के लिए कहा है।

यूपी भाजपा एससी/एसटी मोर्चा के अध्यक्ष राम चंद्र कन्नौजिया ने पुष्टि की कि पार्टी जमीनी स्तर पर विपक्ष को बेनकाब करने के लिए अभियान शुरू करेगी। उन्होंने कहा, पार्टी दलित विरोधी नारों और विपक्षी दलों के तहत पिछली सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों को उजागर करेगी।

# ऐसे जजों को बर्खास्त करो

- जाति जनगणना वाले बयान पर राहुल गांधी को नोटिस मिलने से भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव में जाति जनगणना पर दिए बयान से नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। बरेली की जिला कोर्ट ने राहुल को उनके इस बयान को लेकर नोटिस जारी कर दिया है। इस पर कांग्रेस भड़क गई और यहां तक कह दिया कि ऐसे जजों को तुरंत ही उनके पद से बर्खास्त कर देना चाहिए। उनको जो गरीबों व अन्य से जुड़े मामले हैं, उस पर फैसला सुनाना चाहिए। बरेली कोर्ट ने राहुल गांधी को नोटिस जारी करते हुए सात जनवरी को पेश होने के लिए कहा है।

जाति जनगणना पर बयान को लेकर बरेली जिला अदालत द्वारा राहुल गांधी को नोटिस जारी किए जाने पर कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा, ₹'यह न कोई खबर है और न ही इस पर कोई चर्चा होनी चाहिए। ऐसे मानसिक बीमार लोगों के पास याचिका फाइल करने के लिए समय होता है। अदालत की क्या दुर्दशा हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट की बात लोअर कोर्ट नहीं मान रहे। ऐसे मामले में भी नोटिस करना, जिसका कोई मतलब नहीं है, यह बकवास नोटिस है। ऐसे जजों को तुरंत बर्खास्त करना चाहिए। लगता है अनपढ़ लोग हैं। या तो राजनीति दबाव में काम कर रहे हैं।

### कश्मीर में 50 साल बाद सबसे ठंडी दिसंबर की रात

# डल झील पर जम गई बर्फ

**श्रीनगर.** कश्मीर में जबर्दस्त ठंड की शुरुआत हो चुकी है। 40 दिनों तक चलने वाला ठंड का यह दौर जिसे 'चिल्लई कलां' कहा जाता है, शनिवार से शुरू हुआ। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले पांच दशक में यह इस सीजन का सबसे ठंडी रात रही। इस दौरान तापमान माइनस 8.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। रविवार की सुबह भी ठंड का असर बरकरार रहा और श्रीनगर में पारा माइनस 3.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ठंड के तेवर ऐसे हैं कि डल झील की सतह पर भी बर्फ जम गई। इसके अलावा, दिल्ली और राजस्थान में भी ठंड शीतलहर का असर देखा गया।

शून्य से 8.5 डिग्री सेल्सियस



नीचे तापमान के साथ श्रीनगर की यह 1974 के बाद दिसंबर की सबसे सर्द रात थी। उस वक्त शहर में न्यूनतम तापमान शून्य से 10.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। इसके अलावा 1891 के बाद यह तीसरी सबसे ठंडी रात थी। श्रीनगर में सबसे दिसंबर में सबसे ज्यादा ठंड 13 दिसंबर 1934 को पड़ी थी जब तापमान माइनस 12.8 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया था। 'चिल्लई कलां' का अंत 31 जनवरी, 2025 को होगा। लेकिन, इसके बाद भी घाटी में शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि 20 दिन की चिल्लई खुर्द (छोटी सर्दी) और 10 दिन की चिल्लाई-बच्चा (बेबी सर्दी) 40 दिनों के बाद शुरू होगा।

इस बीच, दिल्ली रविवार सुबह कोहरे की परतों में लिपटी रही और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के दृश्यों में लोगों को ठंड के मौसम को मात देने के लिए अलाव की मदद लेते देखा गया। शीतलहर से बचने के लिए कई लोगों ने रैन बसेरों में शरण ली। दिल्ली में हवा की गुणवत्ता भी ठीक नहीं थी।

# अश्विन के संन्यास पर मोदी की चिट्ठी



- कहा- ऑफ ब्रेक की उम्मीद थी, आपने कैरम बॉल फेंककर चकमा दिया
- जर्सी नंबर-99 की कमी खलेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन को लेटर लिखा है। PM ने इस पत्र के जरिए अश्विन को भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

मोदी ने पत्र में लिखा- ऐसे समय में जब हर कोई और ज्यादा ऑफ-ब्रेक की उम्मीद कर रहा था, आपने एक ऐसी कैरम बॉल फेंकी, जिसने सभी को चकमा दे दिया। लोगों को जर्सी नंबर-99 की कमी खलेगी। अश्विन ने 18 दिसंबर को गाबा टेस्ट के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था।

PM मोदी ने अश्विन के अचानक रिटायरमेंट पर कहा- आपके संन्यास ने भारत के साथ-साथ वर्ल्ड क्रिकेट में प्रशंसकों को चकित कर दिया। हम सभी आपसे और भी ज्यादा ऑफ ब्रेक का इंतजार कर रहे थे और आपने कैरम बॉल फेंककर चकमा दिया। आपके लिए यह निर्णय लेना आसान नहीं रहा होगा। खासकर जब आप भारत के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे थे।

मोदी ने लिखा- 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी गेंद पर आपके शॉट ने खूब तालियां बटोरी थीं। जिस तरह से आपने गेंद को छोड़ा। उसे वाइड बॉल बनने दिया, उससे आपकी सूझबूझ का पता चलता है।

आपके शॉट ने खूब तालियां बटोरीं मोदी ने लिखा- 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी गेंद पर आपके शॉट ने खूब तालियां बटोरी थीं। जिस तरह से आपने गेंद को छोड़ा, उसे वाइड बॉल बनने दिया, उससे आपकी सूझबूझ का पता चलता है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला - शादी विश्वास पर आधारित रिश्ता

- इसका मकसद खुशी और सम्मान है, विवाद नहीं
- 20 साल से अलग कपल का तलाक मंजूर किया

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी का रिश्ता आपसी भरोसे, साथ और साझा अनुभवों पर टिका होता है। अगर ये चीजें लंबे समय तक नहीं हों तो शादी सिर्फ कागजों पर रह जाती है।

कोर्ट ने आगे कहा कि शादी का उद्देश्य दोनों की खुशी और सम्मान है, न कि तनाव और विवाद।

कोर्ट ने यह टिप्पणी मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखते हुए की, जिसमें 20 साल से अलग रह रहे सॉफ्टवेयर इंजीनियर



दंपति को तलाक देने का आदेश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने तलाक मंजूर करते हुए पत्नी को 50 लाख रुपए एलीमनी देने का आदेश दिया। इसके साथ ही बेटी की पढ़ाई और भविष्य के खर्चों के लिए भी 50 लाख रुपए देने को कहा। यह रकम पति को चार महीने के अंदर चुकानी होगी।

### सुप्रीम कोर्ट की 3 टिप्पणियां

- पति-पत्नी पिछले 20 सालों से अलग रह रहे हैं।
- दोनों के बीच रिश्ते इतने खराब हो चुके हैं कि इसे ठीक करना मुमकिन नहीं है।
- लंबे समय से अलगाव और झगड़े इस बात का सबूत हैं कि यह शादी टूट चुकी है।

दंपति की शादी 30 जून 2002 को हुई थी। 2003 में उनके घर एक बेटी का जन्म हुआ। बेटी के जन्म के बाद पत्नी अपने मायके गईं, लेकिन फिर वापस नहीं लौटीं। तब से पति-पत्नी अलग रह रहे हैं।

पति ने तलाक के लिए अदालत का रुख किया और कहा कि पत्नी ने उनके और उनके परिवार पर झूठे आरोप लगाए और शिकायतें दर्ज कराईं, जिससे उन्हें मानसिक और भावनात्मक तकलीफ हुई। पत्नी ने इस तलाक का विरोध किया था, लेकिन अदालत ने उनकी दलीलें खारिज कर दीं।

# दिल्ली स्कूलों में बम की धमकी भाई-बहन ने दी थी

- ई-मेल भेजा था, ताकि परीक्षा टल जाए

**नई दिल्ली.** दिल्ली के 3 स्कूलों में बम की धमकी वहां पढ़ने वाले दो छात्रों ने ही दी थी। दोनों भाई-बहन थे। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने रविवार को इस बात की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि काउंसिलिंग के दौरान छात्रों ने माना कि उन्होंने ई-मेल के जरिए 3 स्कूलों को बम की धमकी भेजी थी। वे चाहते थे कि एग्जाम टाल दिए जाएं। उन्होंने पहले की घटनाओं से धमकी भेजने का आइडिया मिला था।

पुलिस को छात्रों ने बताया कि उन्होंने एग्जाम की तैयारी नहीं की थी। ऐसे में वे एग्जाम को टालना चाहते थे। पुलिस ने बताया कि दोनों छात्र थे, इसलिए काउंसिलिंग के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

17 दिसंबर को रोहिणी और



पश्चिम विहार स्थित 3 स्कूलों में बम होने की धमकी भेजी गई थी। इसमें 72 घंटों के भीतर 85 लाख रुपए भेजने की बात कही गई थी। लिखा था कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो बम ब्लास्ट कर दिया जाएगा।

### 8 महीने में 50 बम की धमकियां

दिल्ली में इस साल मई से लेकर अब तक 50 बम की धमकियां भेजी गई हैं। इसमें सिर्फ स्कूल ही नहीं अस्पताल, एयरपोर्ट और एयरलाइन कंपनियां भी शामिल हैं। इस महीने 4 बार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी जा चुकी है।

उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर
महिला व बालकल्याण विभाग
जाहिर सूचना

**उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रातील महिला बचत गटाना स्वयंरोजगारासाठी लोखंडी स्टॉल उपलब्ध करुन देणे.**

उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रातील नागरीकांना कळविण्यात येते की, उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रातील महिला स्वंयरोजगारव्दारे आर्थीक सवलीकरण होणेच्या उददेशाने सन २०२४-२०२५ च्या आर्थीक वर्षामध्ये उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रातील महिला बचत गटाना स्वयंरोजगारासाठी लोखंडी स्टॉल उपलब्ध करुन देणे बाबत योजिले आहे. उल्हासनगर महानगरपालिका हददीतील असणा-या महिला बचत गटांकरीता सदर योजनेचा लाभासाठी विहीत नमुन्यातील अर्ज दिनांक २३ / १२ /२०२४ ते दिनांक ३१ / १२ /२०२४ पर्यंत उल्हासनगर महानगरपालिकेमध्ये महिला व बालकल्याण विभागात कार्यालयीन वेळेत उपलब्ध करणेत आलेले आहेत, सदरचे अर्ज स्विकारण्याची शेवटची तारीख दिनांक ३१/१२/२०२४ आहे.

मा. आयुक्त सो. यांचे मान्यतेने
Pls visit our official web side
www.umc.gov.in

सही/-
**सहाय्यक आयुक्त**
महिला व बालकल्याण विभाग
उल्हासनगर महानगरपालिका

जा.क्र. उमपा/पीआरओ/४७०/२०२४
दि. २०/१२/२०२४

उल्हास विकास



## संक्षेप...

### टेंपो की भिड़ंत से बाइक सवार दंपति घायल

**भिवंडी.** अंजुर गांव दिवा पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार टेंपो ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दत्तराज इरावती और उनकी पत्नी पुष्पा गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा उस समय हुआ जब दत्तराज इरावती अपनी पत्नी को मोटरसाइकिल पर बैठाकर ठाणे की ओर लेकर जा रहे थे.कसबा ढाबा के पास अचानक टेंपो ने उनकी बाइक को टक्कर मारी जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय निवासियों ने तुरंत दोनों घायलों को नजदीकी स्पेक्ट्रम अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है. टेंपो चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया. पुलिस ने टेंपो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# महाराष्ट्र में 16 दिन बाद विभागों का बंटवारा

## फडणवीस के पास गृह, अजित को वित्त तो शिंदे को शहरी विकास...

### फडणवीस ने अजित पवार और एकनाथ शिंदे को किया खुश



**मुंबई.** महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन ने प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की. चुनाव नतीजे आने के काफी दिन बाद देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी. उनके साथ एनसीपी प्रमुख अजित पवार और शिवसेना सुप्रीमो एकनाथ शिंदे ने पद और गोपनीयता की शपथ ली थी. इसके बाद फिर एक अंतराल आया और नागपुर में कैबिनेट का विस्तार किया गया. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अब कैबिनेट में विभागों का बंटवारा भी कर दिया है. सीएम फडणवीस ने अपने पास गृह के साथ कानून विभाग रखा है. वहीं, डिप्टी सीएम अजित पवार को वित्त और आबकारी (एक्साइज) विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है. एक और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के खाते में शहरी विकास और लोकनिर्माण यानी PWD विभाग गया है. इसके साथ ही अब इस बात पर भी चर्चा शुरू हो चुकी है कि अजित पवार और एकनाथ शिंदे में से किनको मलाईदार विभाग मिला है?

महाराष्ट्र की राजनीति के लिए 21 दिसंबर का दिन काफी महत्वपूर्ण रहा. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी जद्दोजहद के बाद विभागों का बंटवारा कर दिया. बताया जाता है कि एकनाथ शिंदे ने कुछ विभागों को शिवसेना के खाते में डालने की बात कही थी. उनकी डिमांड आखिरकर नहीं मानी गई. वह जो विभाग चाहते थे, उन्हें वह नहीं मिला. बताया यह भी जाता है कि होम डिपार्टमेंट को लेकर खींचतान चल रही थी. हालांकि, यह विभाग सीएम फडणवीस ने अपने पास ही रखा. दूसरी तरफ, अजित पवार को महत्वपूर्ण फाइनेंस डिपार्टमेंट सौंपा गया है. इसके साथ ही एक्साइज डिपार्टमेंट भी उनके हिस्से में गया है. वहीं, शिंदे को शहरी विकास और पीडब्ल्यूडी डिपार्टमेंट दिया गया है.

### कौन से विभाग मलाईदार?

अजित पवार को फाइनेंस के साथ ही एक्साइज डिपार्टमेंट सौंपा गया है. इन दोनों विभाग को दुधारू गाय माना जाता है. ऐसे में यह माना जा रहा है कि अजित पवार के मन की मुराद पूरी हो गई. बता दें कि अजित पवार कौन सा डिपार्टमेंट चाहते हैं, यह बात कभी भी खुलकर सामने नहीं आई थी. दूसरी तरफ, एकनाथ शिंदे को शहरी विकास के साथ ही पीडब्ल्यूडी की जिम्मेदारी सौंपी गई है. ये दोनों डिपार्टमेंट भी काफी बेहतर माना जाता है.

हालांकि, मुद्दे की बात यह है कि फंड तो फाइनेंस डिपार्टमेंट से ही आएगा. इसके साथ ही एक और बात की चर्चा जोरों से होने लगी है कि सीएम फडणवीस के बाद राज्य कैबिनेट में नंबर-2 का रुतबा किसके पास है? आमतौर पर मुख्यमंत्री के बाद गृह और वित्त विभाग का दर्जा ही आता है. होम डिपार्टमेंट सीएम फडणवीस ने अपने पास रखी है, जबकि फाइनेंस डिपार्टमेंट अजित पवार को सौंपा गया है. वित्त विभाग अन्य किसी भी विभाग से ज्यादा पावरफुल माना जाता है. ऐसे में अजित पवार को महाराष्ट्र कैबिनेट में नंबर दो माना जा सकता है.

## किसे क्या जिम्मेदारी मिली?

### भाजपा के मंत्रियों को आवंटित विभाग

- चंद्रशेखर बावनकुले- राजस्व
- राधाकृष्ण विखे पाटिल- जल संसाधन- कृष्णा और गोदावरी घाटी विकास निगम
- चंद्रकांत पाटिल- उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, संसदीय मामले
- गिरीश महाजन- जल संसाधन (विदर्भ, तापी, कोंकण विकास निगम) और आपदा प्रबंधन
- गणेश नाइक- वन विभाग
- मंगल प्रभात लोढ़ा- कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार
- जयकुमार रावल- विपणन और प्रोटोकॉल
- पंकजा मुंडे- पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, पशुपालन विभाग
- अतुल सेव- ओबीसी कल्याण, डेयरी विकास और नवीकरणीय ऊर्जा
- अशोक उइके- आदिवासी विकास
- आशीष शेलार- सांस्कृतिक मामले और सूचना प्रौद्योगिकी
- शिवेंद्र सिंह भोसले- लोक निर्माण
- जयकुमार गोरे- ग्रामीण विकास और पंचायती राज
- संजय सावकारे- कपड़ा
- नितेश राणे- मत्स्य और बंदरगाह
- आकाश फुंडकर- श्रम विभाग

### शिवसेना के मंत्रियों के विभाग

- गुलाबराव पाटिल- जल आपूर्ति एवं स्वच्छता
- दादाजी भुसे- स्कूल शिक्षा
- संजय राठौड़- मृदा एवं जल संरक्षण
- उदय सामंत- उद्योग एवं मराठी भाषा
- शंभुराज देसाई- पर्यटन, खनन, भूतपूर्व सैनिक कल्याण
- संजय शिरसाट- सामाजिक न्याय
- प्रताप सरनाईक- परिवहन
- भारत गोगावले- रोजगार गारंटी, बागवानी, साल्ट पैन भूमि विकास
- प्रकाश अबितकर- लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

### एनसीपी के मंत्रियों के विभाग

- हसन मुश्रीफ- चिकित्सा शिक्षा
- धनंजय मुंडे- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण
- दत्तात्रेय भरणे- खेल, युवा कल्याण एवं अल्पसंख्यक विकास एवं औकाफ
- अदिति तटकरे- महिला एवं बाल विकास
- माणिकराव कोकाटे- कृषि विभाग
- नरहरि जिरवाल- खाद्य एवं औषधि प्रशासन
- मकरंद पाटिल- राहत एवं पुनर्वास
- बाबासाहेब पाटिल- सहकारिता विभाग

# एकनाथ शिंदे ठाणे जिले के पालक मंत्री का पद स्वीकारें



**ठाणे.** जब से एकनाथ शिंदे ठाणे जिले के पालक मंत्री बने हैं, तब से ठाणे जिले में विकास की एक नई लहर देखी गई है। ठाणे जिला विकास की ओर अग्रसर होने लगा। मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने ठाणे जिले को करोड़ों रुपये की निधि प्रदान करके जिले को एक अलग स्तर पर ले गए। इसलिए परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने इच्छा व्यक्त की कि एकनाथ शिंदे को ठाणे जिले का पालकमंत्री नियुक्त किया जाना चाहिए।

महागठबंधन में शामिल तीनों दलों के बीच पालकमंत्री पद को लेकर रस्साकशी चल रही है। ठाणे जिले में एकनाथ शिंदे, गणेश नाइक और प्रताप सरनाईक को मंत्री नियुक्त किया गया है। इसलिए ठाणे जिले में पालकमंत्री का पद किसे मिलेगा, इस पर चर्चा चल रही है। रविवार को खोपट डिपो के निरीक्षण के दौरान परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने इच्छा व्यक्त की कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पालकमंत्री का पद स्वीकार करना चाहिए।

### परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने खोपट बस डिपो का दौरा कर किया निरीक्षण

राज्य परिवहन मंत्री का पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन ही शहर स्थित खोपट एसटी बस डिपो का दौरा कर निरीक्षण किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री व वर्तमान में राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 15 फरवरी को खोपट बस डिपो से उद्घाटन के विषय में पूछताछ की और कर्मचारियों को मिलने वाले सुविधा की जानकारी ली।साथ ही बस डिपो के व्यवस्था व सेवाओं के विषय पर भी बातचीत किया।यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ कर्मचारियों के लिए आरामदायक कार्य प्रदान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिया।बस डिपो में शौचालय, प्रतीक्षालय व पेयजल की सुविधा उपलब्ध करने का निर्देश दिया।साथ ही संबंधित अधिकारियों व नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी लेते हुए उनका समाधान करने लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया।साथ ही खोपट बस डिपो पर गरदुल्लो को रोकने और अतिक्रमण को हटाने के लिए भी कहा।इसके अलावा परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि वह राज्य के सभी बस डिपो का दौरा करेंगे और वहां की योजना और समस्याओं की समीक्षा कर उसका निवारण तत्काल किया जायेगा।

### बच्चा चोर समझकर 4 भिखारियों की पिटाई

**भिवंडी.** भोईवाडा पुलिस स्टेशन हद सोमानगर इलाके में बच्चा चोर गिरोह के शक में 4 भिखारियों की आक्रोशित भीड़ द्वारा जमकर पिटाई की गई.

घटना की जानकारी मिलते ही भोईवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ के चंगुल से चारों को छुड़ाकर पुलिस स्टेशन ले गई.पुलिस ने बताया कि ये सभी दिहाड़ी मजदूर हैं, जो काम न मिलने की वजह से बीते कुछ दिनों से भीख मांगकर गुजारा कर रहे थे. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है. पुलिस ने भीड़ को समझाकर स्थिति पर नियंत्रण पाया.मामले की जांच की जा रही है. पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर भरोसा न करने की अपील की है.


### आम सूचना

मैं श्रीमती सानया राहुल लास्सी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 401, 4था माला, स्वीड लैंड अपार्टमेंट, ब्लॉक नं. ए-41, रुम नं. 245, 246, गोल मैदान, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 12बीआय015358800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रोमा हरेश वीरवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 13.12.2024 सी.नं. 303 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सानया राहुल लास्सी**

### आम सूचना

मैं श्री सिराज खान महमूद खान सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप. 70 चौ.फुट, सामने, विशाल मैरेज हाल, सेंट्रल अस्पताल रोड, सेवा सदन कालेज के सामने, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 26बीओ019483900) उक्त प्रॉपर्टी श्री अशोकलाल हीरानंद सिधवाणी व श्रीमती कंचन अशोकलाल सिधवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 5.12.2024 सी.नं. 198 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सिराज खान महमूद खान**


# सांताक्रुज में सेरेब्रल पाल्सी एसोसिएशन ने क्रिसमस मनाया



**मुंबई.** सांताक्रूज़ पूर्व कलिना में सेरेब्रल पाल्सी एसोसिएशन के बहु-विकलांग छात्रों के लिए इंडिया फैक्टरिंग एंड फाइनेंस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड एवं स्वराज्य यूथ फोरम के सहयोग से एक विशेष क्रिसमस उत्सव आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों के लिए अंतर प्रतियोगिता, संगीत शो और संगीत की धुन पर सामुदायिक नृत्य जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सीपीए सलाहकार एवं आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली, रेखा देशपांडे, स्वराज्य युथ फोरम के संस्थापक चेतन कोरगांवकर, सीपीए सलाहकार व रुग्णमित्र विनोद साडविलकर, गौरी दास (एचआर व मार्केटिंग प्रमुख), अमोल देशपांडे (वित्तीय नियंत्रक), रितू ब्रीद सहित कई मान्यवर उपस्थित थे।

कार्यक्रम का नियोजन संस्था के सीईओ मंजुषा सिंह, राजू गोल्लार, नम्रता मेहता, काव्या अविनाश सिंह, अनिता, प्रिया, विनय, कविता, रोशनी, आराध्या, वर्षा, सारीका, गीता, वासीम और कर्मचारी एवं अभिभावक के संयुक्त प्रयास से किया गया। उपस्थित छात्रों ने विशेष क्रिसमस गतिविधियों का आनंद लिया।

### मुंबई में 4 साल के बच्चे को SUV ने रौंदा

**मुंबई.** मुंबई में एक 19 साल के क्रेटा चला रहे युवक ने 4 साल के बच्चे को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार शाम को करीब 5 बजे हुई है, तब बच्चा सड़क किनारे खेल रहा था।

मृतक बच्चे का नाम आयुष किनवाड़े है। उसकी फैमिली वडाला इलाके में अंबेडकर कॉलेज के पास फुटपाथ पर रहती है। शनिवार को बच्चा फुटपाथ के पास ही खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से SUV कार चला रहे युवक ने आरुष पर कार चढ़ा दी।

पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। उसका नाम भूषण संदीप गोले है। वह विले पर्ले का रहने वाला है। एक्सीडेंट को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

# बालकुम, मानपाडा के धोखादायक इमारतों का विकास कार्य रुका

### मूल सातबारा, प्रापर्टी पेपर,क्षेत्रफल, मालिकाना हक का विधायक संजय केलकर ने किया मांग



**ठाणे.** बालकूम, कोलशेत, मानपाडा ढोकाळी स्थित मूल सातबारा उतारा,क्षेत्रफल व नये प्रापर्टी पेपर और डिस्टेंस के साथ ही मालिकाना हक का मांग आज सदन में विधायक संजय केलकर ने किया।नागपुर में चल रहे शीतकालीन सत्र में मनपा क्षेत्र के अंतर्गत राजस्व गांवों के निवारण के लिए विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रखा।विधायक केलकर ने कहा यशस्वी नगर जैसे हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में 40 से 50 साल पुरानी इमारतें हैं।यह धोखादायक हो गई है मनपा ने खाली करने के लिए निवासियों को नोटिस जारी किया है।उन्होंने कहा कि गलत अभिलेखों के कारण इन इमारत के पुनर्विकास में तकनीकी कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं और सरकारी मौजूदा धारा 72 को पुराना माना जाएगा और नए रिकॉर्ड के अनुसार नए प्रापर्टी पेपर के अनुसार क्षेत्र और मालिकाना अधिकार पर विचार किया जाएगा और प्रापर्टी पेपर देते समय की गई पूछताछ, निरीक्षण और पंजीकरण गलत तरीके से किया गया था।विधायक केलकर ने कहा कि मूल सातबारा में क्षेत्रफल पंजीयन और प्रापर्टी पेपर में बड़ा अंतर है और क्षेत्रवासियों की पुरानी मांग है कि प्रॉपर्टी पेपर को मूल सातबारा नकल के अनुसार दुरुस्त कराया जाए।,

# दिव्यांगों के लिए किये गए कार्य में मिलती है संतुष्टि-निवासी उपजिलाधिकारी डॉ. माने



**ठाणे।** समाज में दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को लागू करने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करते हुए नियमों के दायरे से बाहर जाकर जब सरकारी अधिकारी इन योजनाओं को दिव्यांगों तक पहुंचाते हैं तो उनके चेहरे पर खुशी देखने को मिलती है।निवासी उपजिलाधिकारी डॉ संदीप माने ने कहा कि जब इन योजनाओं को पहुंचाने वाला अधिकारी सेवानिवृत्त हो जाता है, तो वह पीछे मुड़कर देखता है तो उसे अधिक खुशी होती है और वह दिव्यांगों के लिए किए गए काम से संतुष्ट होता है।आम जनता की शिकायतों को जल्द से जल्द हल करने के लिए केंद्र सरकार के निर्देशानुसार आयुक्त सौरभ राव के मार्गदर्शन में ठाणे मनपा में 19 दिसंबर से सुशासन सप्ताह शुरू हुआ था।इस अभियान के तहत दिव्यांग व्यक्तियों, विशेष विद्यालयों, महिला व बाल विकास कल्याण योजनाओं के बारे में एक सूचनात्मक सेमिनार का आयोजन मनपा मुख्यालय के स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागृह में किया गया।इस अवसर पर डॉ. तुशाबा शिंदे निदेशक प्रशासनिक सुधार व लोक शिकायत विभाग भारत सरकार,मुंबई उपजिलाधिकारी गणेश सांगले, तहसीलदार किशोर मराठे, उमेश पाटिल, उपायुक्त अनघा कदम, सहायक आयुक्त दशरथ वाघमारे, बाल संरक्षण अधिकारी रेखा हिरे, कार्मिक अधिकारी दयानंद गुंडप,मनपा दिव्यांग स्कूल की प्रधानाचार्य अर्चना शेटे, सामाजिक कार्यकर्ता गौतम गायकवाड़, समन्वय अधिकारी आधार कुलकर्णी आदि उपस्थित थे।दिव्यांग की योजनाओं को उन तक पहुंचाने में हर अधिकारी को एक अलग खुशी मिलती है इस काम को प्रसिद्धि न मिले लेकिन इसके सुखद पल मिलता है।हर सरकारी अधिकारी व कर्मचारी काम कर रहे हैं लेकिन उपजिलाधिकारी डॉ माने ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा आयोजित प्रशासन गांव की और पहल के तहत नागरिकों और विशेष बच्चों की योजनाओं, व्यक्तियों के लिए काम करने का मौका मिला और सुशासन सप्ताह का हिस्सा भी बने। इस अवसर पर बाल संरक्षण अधिकारी रेखा हिरे ने दिव्यांगों के लिए बने कानूनों की जानकारी दी।साथ ही सामाजिक विकास विभाग के कार्मिक अधिकारी दयानंद गुंडप, दशरथ वाघमारे ने ठाणे मनपा के समाज विकास विभाग के चल रही योजनाओं की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांग व तमाम संगठनों के लोग शामिल हुए। आयुक्त सौरभ राव ने नागरिकों से आवाहन किया है जो व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकते हैं वह अपनी शिकायत tmcgovernance@thanecity.gov.in पर या व्हाट्सएप के माध्यम से 8657887101 पर भेज सकते हैं।


## STAFF REQUIRED

SINDHI MALE

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification-10TH PASSED

CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475


# ‘मेरा चरित्र हनन किया जा रहा’



अल्लू अर्जुन ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- पुष्पा 2 के प्रीमियर में हैदराबाद में हुई भगदड़ के लिए मुझे जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। कुछ लोग जानबूझकर मेरा चरित्र हनन कर रहे हैं।

मैं 20 साल से इंडस्ट्री में हूं। मैंने जो सम्मान और विश्वसनीयता कमाई है, उसे एक दिन में नुकसान पहुंचाया गया है। इस वजह से मैं अपमानित महसूस कर रहा हूं।

मुझे हर घंटे हादसे में मारी गई महिला के घायल बच्चे की तबीयत के बारे में जानकारी मिल रही है। वह धीरे-धीरे ठीक हो रहा है, और यही सबसे अच्छी खबर है।

दरअसल, आज ही तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भगदड़ के मामले में विधानसभा में एक्टर की लापरवाही को जिम्मेदार बताया था। सीएम ने कहा था- अल्लू अर्जुन लापरवाह थे और मौत की सूचना मिलने के बावजूद थिएटर से बाहर नहीं निकले और रोड शो किया।

हादसे में जान गंवाने वाली महिला रेवती ने अपने बेटे श्रीतेज का हाथ इतनी मजबूती से पकड़ा था कि पुलिस उन्हें अलग नहीं कर पाई। पीड़ित परिवार हर माह 30 हजार रुपए कमाता है, लेकिन हर टिकट पर 3000 खर्च करता है, सिर्फ इसलिए क्योंकि बेटा अल्लू अर्जुन का फैन है। जब तक मैं मुख्यमंत्री हूं, राज्य में कोई भी बेनिफिट शो या टिकट की कीमतों में इजाफे की अनुमति नहीं दी जाएगी।

वहीं, AIMIM विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी ने भी कहा था- जब अल्लू अर्जुन को भगदड़ और महिला की मौत के बारे में जानकारी दी गई तो उन्होंने कहा था अब फिल्म हिट होगी।


उल्हास वि NEWS LIVE FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe




मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985

www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com

Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099